# ADARSH PUBLIC SCHOOL (CBSE) VITA

**Kundal Road, Bhavaninagar, Vita**

# CLASS 10 - HINDI B

## Practice Examination

**Time Allowed: 3 hours** **Maximum Marks: 80**

**General Instructions:**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं।
- सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
- एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
- दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
- तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।
- पॉंच अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 120-150 शब्दों में लिखिए।

### Section A

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सम्बंधित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **[10]**

जब सरकार पुरानी मुद्रा को कानूनी तौर पर बंद कर देती है और नई मुद्रा लाने की घोषणा करती है तो इसे विमुद्रीकरण कहते हैं। इसके बाद पुरानी मुद्रा अथवा नोटों की कोई कीमत नहीं रह जाती। हालाँकि सरकार द्वारा पुराने नोटों को बैंकों से बदलने के लिए लोगों को समय दिया जाता है, ताकि वे अमान्य हो चुके अपने पुराने नोटों को बदल सकें।

8 नवंबर, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 1000 और 500 रुपए के नोट बंद करने की घोषणा की अर्थात् विमुद्रीकरण की घोषणा की। आरबीआई गवर्नर उर्जित पटेल ने भी सरकार की इस घोषणा का समर्थन किया। इसके बाद सरकार 500 और 2000 रुपए के नए नोट भी बाजार में लेकर आई।

कालाधन, भ्रष्टाचार, नकली नोट और आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार विमुद्रीकरण का फैसला लेती है। अवैध गतिविधियों में संलग्न लोग नोटों को अपने पास ही रखते हैं। ऐसे में विमुद्रीकरण से सीधे उन पर चोट होती है। कई बार नगद लेन-देन को हतोत्साहित करने के लिए भी नोटबंदी की जाती है। केंद्र की मोदी सरकार को भी उम्मीद है कि नोटबंदी में कालेधन, नकली नोट और आतंकवाद पर अंकुश लगेगा। हालाँकि नोटबंदी के चलते आम आदमी को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। केंद्र सरकार अपने इस फैसले से नकद लेन-देन को भी हतोत्साहित करने की कोशिश कर रही है। कई देशों में विमुद्रीकरण बेहद आम प्रक्रिया मानी जाती है।

i. विमुद्रीकरण क्या है? स्पष्ट कीजिए। (2)
ii. विमुद्रीकरण की घोषणा के उद्देश्य को लिखिए। (2)
iii. प्रधानमंत्री जी ने 8 नवंबर, 2016 को क्या घोषणा की तथा उसका समर्थन किसने किया? (2)
iv. “कई देशों में विमुद्रीकरण बेहद आम प्रक्रिया मानी जाती" - वाक्य का प्रकार बताइए। (2)
v. नकद लेन-देन को हतोत्साहित क्यों किया जा रहा है?
vi. प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

### Section B

2. शब्दों का वर्गीकरण किस आधार पर किया जाता है ? **[1]**
3. नीचे लिखें वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए- **[3]**

i. अधिक पढ़ने पर अधिक लाभ होगा। (मिश्र वाक्य में)

ii. अंगीठी सुलगाई उस पर चायदानी रखी। (संयुक्त वाक्य में)
iii. कृपण को उदारता अधिक शोभती है। (मिश्र वाक्य में)
iv. रात्रि के आठ बजते ही मैंने पढ़ना बंद कर दिया। (संयुक्त वाक्य में)

4. I. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए- (2) **[4]**

i. कमलनयन
ii. विद्याभंडार
iii. मनमाना

II. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समास-विग्रह को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए-(2)

i. नीला है जो गगन
ii. देश से निकला (निष्कासन)
iii. लगाम के बिना

5. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए- **[4]**

i. वह ने खाना खा लिया।
ii. एक फूलों की माला लाओ।
iii. कुछ जगहों में अशुद्धियाँ पड़ी हैं।
iv. मेले में बच्चा खो गई।
v. अपने हाथ से स्वयं काम करो।

6. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए- **[4]**

i. प्रधानाचार्य ने विद्यालय में अनुशासनहीनता के कारण सभी विद्यार्थियों को _______।
ii. वीर संतानों ने _______ देश की रक्षा की।
iii. प्रतियोगी परीक्षाएँ कोई मज़ाक नहीं हैं। प्रश्न हल करने में ________ आ जाता है।
iv. भारत के बहादुर सैनिकों ने पाकिस्तान के सैनिकों के ________।

## Section C

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर दीजिये: **[6]**

a) "आज जो बात थी वह निराली थी" किस बात से पता चल रहा था कि आज का दिन अपने आप में निराला है? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

b) कारतूस पाठ के आधार पर बताइए कि सआदत अली वज़ीर अली का दुश्मन क्यों बन गया था?

c) शेख अयाज़ के पिता बोले-"नहीं, यह बात नहीं है। मैंने एक घर वाले को बेघर कर दिया है। उस बेघर को कुएँ पर उसके घर छोड़ने जा रहा हूँ।" इन पंक्तियों में छिपी हुई उनकी भावना को स्पष्ट कीजिए।

d) गिन्नी का सोना पाठ से हमें क्या संदेश मिलता है?

8. "जीवन की समझ व्यावहारिक अनुभव से आती है"-बड़े भाई साहब के इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं? उदाहरण सहित बताइए। **[5]**

OR

वामीरो की प्रतीक्षा में बैठे तताँरा की प्रेम व्याकुलता तताँरा-वामीरो की कथा के आधार पर स्पष्ट करें।

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर दीजिये: **[6]**

a) मीरा के पदों में कृष्ण लीलाओं एवं महिमा के वर्णन का क्या उद्देश्य है?

b) पर्वत प्रदेश में पावस कविता में पर्वत को कौन-सा मानवीय कार्य करते हुए दर्शाया गया है?

c) आज़ाद होने के बाद सबसे मुश्किल काम है "आज़ादी बनाए रखना।" आप इसके लिए क्या-क्या करेंगे? 'कर चले हम फ़िदा' कविता के सन्दर्भ में बताइए।

d) भाव स्पष्ट कीजिए-
"चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,

विपत्ति, विघ्न जो पड़े उन्हें ढकेलते हुए।
घटे ने हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी;
अतर्क एक पंथ में सतर्क पंथ हों सभी।"

10. 'ऐकै अषिर पीव का पढ़ै सु पंडित होम' पंक्ति को आप क्या अर्थ समझते हैं? प्रेम का एक अक्षर सभी ग्रंथों में किस प्रकार भारी है, अपने जीवन के एक अनुभव के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **[5]**

OR

आत्मत्राण कविता में कवि की प्रार्थना से क्या संदेश मिलता है? अपने शब्दों में लिखिए।

11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: **[6]**
    a) आम आदमी की धर्म के प्रति अंधश्रद्धा को धर्म के ठेकेदार किस रूप में भुनाते हैं? 'हरिहर काका' कहानी में काका किस प्रकार इसका शिकार हुए? व्यक्ति का वैज्ञानिक दृष्टिकोण उसे किस प्रकार बचा सकता है?
    b) 'अम्मी' शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई? टोपी शुक्ल पाठ के आधार लिखिए।

## Section D

12. **भारतीय नारी कि महत्ता** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[6]**
    - करुणा, माया और ममता की मूर्ति
    - अनंत गुणों से परिपूर्ण
    - ऐतहासिक संदर्भ
    - भारतीय और पाश्चात्य नारी में अंतर।

OR

**मेरे सपनों का भारत** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।
- भारत के बारे में मेरे विचार
- सांप्रदायिकता आदि से मुक्त उन्नत भारत की चाह
- सुखी समृद्ध भारत

OR

**प्रातःकालीन भ्रमण** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।
- प्रकृति से संपर्क
- शारीरिक व्यायाम
- सेहत के लिए उपयोगी व लाभदायक

13. अपने मित्र को पत्र लिखकर बताइए कि महानगरीय जीवन दुखद भी है तथा सुखद भी। **[5]**

OR

आप निजी कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्था खोलना चाहते हैं। इस कार्य को आरंभ करने में अत्यधिक धनराशि की आवश्यकता होगी। इस संदर्भ में अपने जनपद के केनरा बैंक के प्रबंधक महोदय को ऋण प्रदान करने हेतु एक आवेदन-पत्र लिखिए।

14. विद्यालय के सुचनापट्ट पर खेल अधीक्षक द्वारा क्रिकेट टूर्नमेंट की जानकारी हेतु 20-25 शब्दों में एक सूचना लिखिए। **[5]**

OR

आप राहुल, बाल भारती स्कूल के हैड ब्वाय हैं। आपके विद्यालय ने एक चैरिटी शो आसपास के गरीब लोगों के लिए रखा है। इसके लिए विद्यार्थियों को सहयोग देने हेतु 25-30 शब्दों में सूचना लिखिए।

15. मुंबई पर हुए आतंकवादी हमले को सुनकर दो छात्राओं के बीच होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। **[5]**

OR

दूरदर्शन के कार्यक्रमों को गुणवत्ता पर पिता-पुत्र के बीच होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए।

16. सैल फ़ोन विक्रेता हेतु एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में बनाइए। **[5]**

OR

सुंगधित पदार्थ हेतु एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में बनाइए।